पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# मुख्यमंत्री ने 'यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो' के तीसरे संस्करण की तैयारियों की समीक्षा की

## यह ट्रेड शो आगामी 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा के इण्डिया एक्सपोज़िशन मार्ट में आयोजित होगा, इसका शुभारम्भ प्रधानमंत्री जी द्वारा किया जाएगा

## तीसरे संस्करण में पार्टनर कंट्री के रूप में रूस की सहभागिता

## इस ट्रेड शो में 2,500 से अधिक एक्ज़िबिटर्स ने पंजीयन कराया, जबकि 500 से अधिक विदेशी खरीदार भाग लेने आ रहे

## यह ट्रेड शो उ0प्र0 के 'क्राफ्ट, कुज़ीन और कल्चर' को अन्तरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का बेहतरीन अवसर : मुख्यमंत्री

## इस वर्ष ट्रेड शो में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान', 'पी0एम0 स्वनिधि' और 'पी0एम0 इन्टर्नशिप' कार्यक्रम पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएं

## 01 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक्स, ई–कॉमर्स, एफ0पी0ओ0, बीमा, नीली क्रांति (मत्स्य सेक्टर), ओ0डी0ओ0पी0 और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे विषयों पर केंद्रित सत्र शामिल हों

## बायर्स–सेलर मीट की व्यवस्था तथा इसमें सहयोग के लिए सी0एम0 फेलो की तैनाती के निर्देश

## आयोजन में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित उ0प्र0 के उद्यमियों/शिल्पकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए

**लखनऊ : 08 सितम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में 'यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो' के तीसरे संस्करण की तैयारियों की समीक्षा की।

ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुज़ीन और कल्चर' से दुनिया भर के उद्यमियों, विनिर्माताओं और व्यापारियों को परिचित कराने वाले वार्षिक आयोजन 'यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो' (यू0पी0आई0टी0एस0) का तीसरा संस्करण 25 से 29 सितम्बर, 2025 तक ग्रेटर नोएडा के इण्डिया एक्सपोज़िशन मार्ट में आयोजित होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन का शुभारम्भ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया जाएगा। तीसरे संस्करण में पार्टनर कंट्री के रूप में रूस की सहभागिता होगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब तक 'यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो' के दो संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। वर्ष 2023 में हुई शुरुआत ने प्रदेश के निर्यात को नई

गति और वैश्विक पहचान दी है। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुज़ीन और कल्चर' को अन्तरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का बेहतरीन अवसर बताते हुए कहा कि यह आयोजन आई0टी0/आई0टी0ई0एस0, एम0एस0एम0ई0, स्टार्टअप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा और ओ0डी0ओ0पी0 जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिर्माताओं और निर्यातकों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि इस वर्ष ट्रेड शो में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान', 'पी0एम0 स्वनिधि' और 'पी0एम0 इन्टर्नशिप' कार्यक्रम पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही, अन्य सभी प्रमुख विभाग भी अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करें, ताकि यह आयोजन प्रदेश की ब्रांडिंग का सशक्त माध्यम बन सके। उन्होंने बायर्स–सेलर मीट की व्यवस्था तथा इसमें सहयोग के लिए सी0एम0 फेलो की तैनाती के निर्देश दिए। इस बार के आयोजन में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित उत्तर प्रदेश के उद्यमियों/शिल्पकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए।

अपर मुख्य सचिव, एम0एस0एम0ई0 ने बताया कि इस बार 2,500 से अधिक एक्ज़िबिटर्स ने पंजीयन कराया है, जबकि 500 से अधिक विदेशी खरीदार इस ट्रेड शो में भाग लेने आ रहे हैं। इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में सहयोग कर रहा है और उसका प्रतिनिधिमण्डल भी ट्रेड शो में शामिल होगा। ट्रेड शो के आकर्षणों में खादी पर केन्द्रित फैशन शो प्रमुख है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 05 दिवसीय इस ट्रेड शो के दौरान हर दिन एक विशेष थीम पर नॉलेज सेशन आयोजित किए जाएं। इनमें 01 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक्स, ई–कॉमर्स, एफ0पी0ओ0, बीमा, नीली क्रांति (मत्स्य सेक्टर), ओ0डी0ओ0पी0 और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे विषयों पर केंद्रित सत्र शामिल हों। इसके लिए डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, आई0आई0टी0 कानपुर और उद्योग जगत की प्रमुख संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। केन्द्रीय मंत्रियों को भी विशेष सत्रों में आमंत्रित किया जाए। उन्होंने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों को इस आयोजन से जोड़ने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विभिन्न राज्यों और अनेक देशों से आने वाले प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी इस आयोजन की महत्ता को और बढ़ा रही है। ऐसे में प्रदेश के सभी विभागों को इसकी सफलता में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक में मुख्यमंत्री जी ने गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन को कार्यक्रम अवधि में यातायात प्रबन्धन, आगंतुकों की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

————————

***PN-CM-Review Meeting-UP International Trade Fair-08 September 2025.doc***